भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
02.08.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2300 का उत्तर

टीआरसी की संख्या में कमी

2300. श्रीमती नुसरत जहां:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में विगत पाँच वर्षों के दौरान, जोन-वार रेलगाड़ी के पटरी से उतरने की कितनी घटनाएं हुई:
(ख) रेलगाड़ी के पटरी से उतरने के मुख्य कारण क्या हैं;
(ग) क्या निरीक्षण की कमी रेलगाड़ी के पटरी से उतरने और रेल दुर्घटनाओं का एक मुख्य कारण है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ड.) क्या टीआरसी (ट्रैक रिकॉर्डिंग कार) की संख्या कम है; और
(च) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कार्रवाई की गई है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

टीआरसी की संख्या में कमी के संबंध में दिनांक 02.08.2023 को लोक सभा में श्रीमती नुसरत जहां के अतारांकित प्रश्न सं. 2300 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) एवं (ख): विगत पांच वर्षों के दौरान देश में परिणामी गाड़ी के पटरी से उतरने की घटना की संख्या का जोन-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

	परिणामी गाड़ी के पटरी से उतरने की घटना की संख्या				
क्षेत्रीय रेलें	2018-19	2019-20	2020-21 (कोविड वर्ष)	2021-22 (कोविड वर्ष)	2022-23
मध्य रेलवे	4	6	4	3	5
पूर्व रेलवे	0	2	0	1	1
पूर्व मध्य रेलवे	6	4	1	2	5
पूर्व तट रेलवे	2	0	1	4	5
कोंकण रेलवे	0	0	1	1	0
उत्तर मध्य रेलवे	0	4	2	2	3
पूर्वोत्तर रेलवे	4	0	0	0	1
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे	4	2	1	4	0
उत्तर पश्चिम रेलवे	4	3	1	2	2
उत्तर रेलवे	10	6	1	3	5
दक्षिण मध्य रेलवे	1	5	1	0	2
दक्षिण पूर्व रेलवे	3	0	1	1	2
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे	0	0	0	1	2
दक्षिण पश्चिम रेलवे	1	2	1	3	0

दक्षिण रेलवे	4	1	1	0	0
पश्चिम मध्य रेलवे	1	2	1	0	0
पश्चिम रेलवे	2	3	0	0	3
मेट्रो रेलवे कोलकाता	0	0	0	0	0
कुल	46	40	17	27	36

परिणामी गाड़ी के पटरी से उतरने के मुख्य कारणों में रेलपथ, सवारी डिब्बों और माल डिब्बों (या उनके संयोजन) में उत्पन्न होने वाली विसंगतियों और गाड़ी परिचालन में मानवीय चूक शामिल है।

(ग) एवं (घ): जी नहीं।

(ड़) एवं (च): 2017-2021 की अवधि के दौरान भारती रेल में कुल 5 (पांच) रेलपथ रिकार्डिंग कारें (टीआरसी) थीं। 2022-2023 के दौरान दो नए टीआरसी को शुरू किया गया है और दो नए टीआरसी की हाल ही में खरीद की गई है। इसके अलावा, 07 नए टीआरसी (पुराने टीआरसी के स्थान पर 03 और 04 अतिरिक्त टीआरसी) की खरीद की स्वीकृति दी गई है।

रेलपथ की स्थिति की मॉनिटरिंग के लिए 2017-2021 के दौरान टीआरसी के अलावा, दोलन मॉनिटरिंग प्रणाली (ओएमएस) का अतिरिक्त रन करवाया गया है, जो रेलपथ के निरीक्षण के लिए प्रणाली में से एक है।

******